दिन– सोमवार

दिनांक– 04 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत। राज्य में पहली बार पार्टी को मिला स्पष्ट बहुमत। असम में भाजपा शानदार वापसी करते हुए तीसरी बार सरकार बनायेगी।

02 केरलम में कांग्रेस के नेतृत्ववाले यूडीएफ को स्पष्ट बहुमत। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टी.वी.के. सबसे बड़े दल के रूप में उभरी।

03. बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

---

चार राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मतों की गिनती जारी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है, जबकि असम और पुदुचेरी में वह सहयोगी दलों के साथ सत्ता में वापसी कर रही है। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टी.वी.के. ने बहुत बड़ा फेरबदल किया है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व में यू.डी.एफ. का स्पष्ट बहुमत मिल गया है।

पश्चिम बंगाल में दो सौ तिरानवे विधानसभा सीटों में से एक सौ उन्नीस के परिणाम घोषित हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी को ईक्यासी और तृणमूल कांग्रेस को अड़तीस सीटे मिली हैं। शेष एक सौ चौहत्तर सीटों पर मिले रुझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी एक सौ तैईस सीटों पर आगे है जबकि तृणमूल कांग्रेस अड़तालीस सीटों पर बढत बनाए हुए है।

असम में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा की एक सौ छब्बीस सीटों में से अब तक पंचानवे के परिणाम घोषित हो चुके हैं। भाजपा को सत्तर सीटे मिली हैं। वहीं, कांग्रेस को आठ सीटों पर जीत

मिली है। रुझानों के अनुसार अभी भाजपा बारह, और कांग्रेस ने ग्यारह सीटों पर बढत बना रखी है।

केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। कांग्रेस को तिरसठ सीटे मिली हैं। वहीं, उसकी सहयोगी आई.यू.एम.एल. ने बाईस सीटों पर जीत हासिल की है।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अभिनेता से राजनेता बने विजय के नेतृत्व में तमिलगा वेत्री कडगम– टी.वी.के. सबसे बडी पार्टी के रूप में उभरकर इतिहास रचने के लिए तैयार है। टी.वी.के. ईक्यावन सीटों पर आगे है और सत्तावन सीटों पर उसे जीत मिल चुकी है।

---

पुद्दुचेरी में एन. रंगास्वामी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा की कुल तीस सीटों में से छब्बीस के परिणाम मिल गए हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार एन.रंगास्वामी की एआईएनआरसी पार्टी को दस सीटों पर जीत मिली है और दो पर आगे है। भाजपा तीन सीटे जीत चुकी है और एक पर आगे है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडूचेरी में पार्टी को मिली जीत को कर्मठ कार्यकर्ताओं के दशकों के अथक प्रयास और संघर्षों का परिणाम बताया है। श्री मोदी नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आज के दिन को भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक बताया।

–––बाइट–––

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है।

–––बाइट–––

---

भाजपा को पश्चिम बंगाल और असम में मिली भारी जीत पर प्रदेश में पार्टी कार्यकताओं के बीच जश्न का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने रंग अबीर लगाकर और मिठाई तथा झालमूड़ी खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कार्यकर्ताओं के बलिदान के कारण आज पार्टी को अभूतपूर्व जीत मिली है।

———बाइट———

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पश्चिम बंगाल और असम की जीत के लिए भाजपा को बधाई दी है। इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने तृणमूल कांग्रेस की शासन को नकारते हुए भाजपा पर विश्वास जताया है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडूचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

---

बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए है। गौरतलब है कि इस सीट के लिए केवल अरविंद शर्मा ने ही नामांकन किया था। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के सीवान से विधायक चुने जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई थी।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पटना, गया, सीवान, दरभंगा और मधुबनी समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। कई जगहों पर वज्रपात की भी खबर है। आंधी के कारण कई जगहों पर पौधें और बिजली के खंभे

उखड़ गये। इसके चलते आवागमन और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। खेतों में लगी फसल के साथ—साथ आम और लीची की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इधर, मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर बारिश हो सकती है। वहीं, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, कटिहार, किशनगंज, पूर्णियां, सुपौल और पश्चिम चंपारण जिलों में कुछ स्थानों पर धूल भरी आंधी के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने कहा है कि भागलपुर के विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से को तीन महीने के भीतर ठीक कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस मामले को लेकर पटना में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस बीच बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि पुल की मरम्मत को लेकर आवश्यकता पड़ने पर सेना की भी मदद ली जायेगी। श्री सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इसे लेकर संबंधित एजेंसियों के साथ बातचीत की गई है।

———बाइट———

निगम के अध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच के लिए आईआईटी पटना की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। श्री सिंह ने बताया कि इस मामले में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निलंबित कर दिया गया है।

इस बीच, भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि आवागमन को सुचारू रखने के लिए वाहनों को मुंगेर के श्रीकृष्ण सिंह सेतु पर डायवर्ट किया गया है। साथ ही छोटे वाहनों के लिए नाव और स्टीमर की व्यवस्था की गई है।

———बाइट———

गौरतलब है कि कल रात भागलपुर और नवगछिया को जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु के चार और पांच नम्बर पिलर के बीच का स्लैब क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था।

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने आज नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और परिसर की अवसंरचना का अवलोकन करते हुए विस्तृत जानकारी ली।

---

जदयू नेता निशांत कुमार ने आज बगहा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। श्री कुमार ने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की। संवाद कार्यक्रम को पार्टी के वरिष्ठ नेता और वाल्मिकीनगर सांसद सुनील कुमार और पार्टी विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने भी संबोधित किया।

---

सीवान जिले के रघुनाथपुर विधानसभा के राजद विधायक ओसामा शहाब के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पुलिस टीम ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित ओसामा शहाब के पैतृक आवास और नगर थाना क्षेत्र के नया किला स्थित घर पर छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन कब्जा करने के मामले में यह छापेमारी की गई है।

---

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के बेलवैया मठिया गांव के पास आज सुबह सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर सभी मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान की राशि उपलब्ध करा दी गई है।

---

मुंगेर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने नक्सली वीगन कोरा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली की मुखिया परमानंद टुडू हत्याकांड समेत कई अन्य मामलों में तलाश थी।

---

पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया स्थित एक होटल में पुलिस ने छापेमारी कर शराब पार्टी कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर जिला के दरौली–भभुआ पथ पर महमूदिया बहेरी मोड़ के पास सड़क हादसे में जनगणना कार्य में लगी एक सहायक शिक्षिका की मौत हो गई।

---

रोहतास जिले के सासाराम सदर अस्पताल में एम्बुलेंस कर्मियों की कथित लापरवाही से एक मरीज की मौत के मामले में अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर मणिराज रंजन ने संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की है।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने नगर निकायों और बुडकों के कार्यों की समीक्षा के दौरान लंबित योजानाओं को समय पर पूरा करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

---

शेखपुरा जिले में ट्रांसजेंडरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने और उनके प्रति आम लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया।

---

ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को नवादा के जिलाधिकारी ने सम्मानित किया । इधर, अभियान के तहत सहरसा जिले के महिषी से लगभग दो सौ साल पुरानी पांडुलिपियां एकत्र की गई है। इसे पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

---

सुपौल के भीमनगर चेक पोस्ट पर एसएसबी की टीम ने मानव तस्करी के लिए ले जाये जा रहे आठ बच्चों को सुरक्षित बचा लिया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

शिक्षा विभाग ने कटिहार जिले के आजमनगर में पदस्थापित एक नियोजित शिक्षक समेत चार शिक्षकों निलंबित कर दिया है।

---

01. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत। राज्य में पहली बार पार्टी को मिला स्पष्ट बहुमत। असम में भाजपा शानदार वापसी करते हुए तीसरी बार सरकार बनायेगी।

02 केरलम में कांग्रेस के नेतृत्ववाले यूडीएफ को स्पष्ट बहुमत। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टी.वी.के. सबसे बड़े दल के रूप में उभरी।

03. बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

---